राजस्थान सरकार

निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क) (डी–387) अलेसे–I/166-168 दिनांक :– 15/05/25

## आदेश

इस निदेशालय के विभागीय आदेश क्रमांक 5721 दिनांक 18.03.2025 के द्वारा श्री दिनेश कुमार जैन का वेतन आहरण उपकोषाधिकारी, भादरा (हनुमानगढ़) में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध आहरित करने हेतु आदेश जारी किये गये थे।

तत्पश्चात् विभागीय शुद्धि पत्र क्रमांक 340 दिनांक 22.04.2025 के द्वारा उपकोषालय भादरा (हनुमानगढ़) में अधीनस्थ लेखा सेवा के समस्त पद भर जाने के कारण श्री जैन का माह अप्रैल 2025 से वेतन आहरण नहीं हो पाया है।

अतः श्री दिनेश कुमार जैन, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का वेतन भुगतान कार्यालय उपकोषाधिकारी, श्रीविजयनगर (श्रीगंगानगर) में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध से दिनांक 01.04.2025 से अग्रिम आदेशों तक आहरित करने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– एफ.2 (क) (डी–387) अलेसे–I/166-168 दिनांकः 15/05/25

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीलीबंगा, हनुमानगढ़।
2. उपकोषाधिकारी, श्रीविजयनगर (श्रीगंगानगर)।
3. उपकोषाधिकारी, भादरा (हनुमानगढ़)।
4. कोषाधिकारी/ उपकोषाधिकारी संबधित।
5. श्री दिनेश कुमार जैन, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I, कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कन्या महाविद्यालय, पीलीबंगा, हनुमानगढ़।
6. उप निदेशक (एसीपी) को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. वरिष्ट निजी सचिव, निदेशक महोदय।
8. निजी पत्रावली।

(के.जी.गुप्ता)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक)

F Data/2022/Vishal/Letter D Order